**Regarding need to establish a national museum in Hastinapur, Uttar Pradesh and include Hastinapur in the Krishna Circuit- laid**

**श्री अरुण गोविल (मेरठ) :** केंद्र सरकार ने फरवरी 2020 में केंद्रीय बजट प्रस्तुत करते समय हस्तिनापुर में राष्ट्रीय संग्रहालय बनाने की घोषणा की थी। यह संग्रहालय केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित होगा। उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग ने इस स्थान के महत्व को देखते हुए मेरठ में केंद्र तथा हस्तिनापुर उप केंद्र भी खोला है। मार्च 2020 के बजट में केंद्र सरकार ने हस्तिनापुर (उत्तर प्रदेश) राखीगढ़ी (हरियाणा), आदि स्थलों के विकास के लिए केंद्र सरकार ने 3150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था। हस्तिनापुर में महाभारत से संबंधित महत्वपूर्ण स्थल, 200 वर्ष पुराना दिगंबर जैन मंदिर व 10वें सिख गुरु गोविंद सिंह के पांच प्यारों में से एक भाई धर्म सिंह का जन्म स्थान भी है। हस्तिनापुर में संग्रहालय निर्माण के लिए जिला प्रशासन ने 15 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का निर्णय किया है। जमीन चिन्हित करने के लिए एस.डी.एम. मवाना हस्तिनापुर नगर पंचायत व संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया गया है। अयोध्या के समान हस्तिनापुर भी एक अत्यंत महत्व का पौराणिक व ऐतिहासिक स्थान है पर्यटन की दृष्टि से विकास के लिए हस्तिनापुर को कृष्णा सर्किट में सम्मिलित करने की मैं अपील करता हूँ। यहां राष्ट्रीय संग्रहालय खोलने के संबंध में तेज गति से कार्य करने हेतु आदेश देने की कृपा करें।